

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल का कोरबा प्रवास आज



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका 11 एवं 12 जुलाई को रबा प्रवास पर रहेंगे। जानकारी के अनुसार राज्यपाल रमेन डेका 11 जुलाई को शाम 4 बजे सर्किट हाउस बिलासपुर से प्रस्थान कर शाम 5.30 बजे एनटीपीसी गेस्ट हाउस कावेरी भवन कोरबा पहुंचेंगे एवं रात्रि श्राम करेंगे। महामहिम राज्यपाल श्री डेका 12 जुलाई को प्रातः 9.45 बजे कावेरी भवन से प्रस्थान कर 9.55 बजे कलेक्टोरेट पहुंचेंगे। वे यहां एक पेड़ मां के नाम पोधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। दोपहर 11.50 बजे कलेक्टर आफिस से एनटीपीसी कावेरी भवन के लिए प्रस्थान कर लंच करेंगे। वे दोपहर 1 बजे पोड़ी उपरोड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे और पोड़ी उपरोड़ा मुख्यालय में दोपहर 1.30 बजे एक पेड़ मां के नाम पोधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। वे यहां से अपरान्ह 3 बजे राजभवन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### हनुमान मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र जाप यज्ञ आज

**मड़वारानी।** मां मड़वारानी सेवा एवं जनकल्याण समिति मड़वारानी द्वारा श्री हनुमान मंदिर में श्रवण मास की प्रथम तिथि 11 जुलाई को महामृत्युंजय मंत्र जप यज्ञ, अभिषेक का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य व्यवस्थापक संतोष सोनी, विनोद कुमार साहू (सचिव) अध्यक्ष कन्हैया कंवर एवं समिति के पदाधिकारी एवं श्रद्धालुगण ने भाग लिया। जिसकी पीठासीन पंडित भागीरथी दुबे (कर्मकांडी) दस महाविद्या ज्योति पीठ चांपा एवं सात पंडित द्वारा पूजन कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। जिसका समापन 17 जुलाई को श्री महामृत्युंजय मंत्र जाप की का पूजन अभिषेक, हवन के पश्चात भोग भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### राशन दुकान संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश-2016 के खण्ड-9 में उपबंधित निर्बन्धनों एवं शर्तों के अधीन एवं रिक्तता के आधार पर विकासखण्ड पाली क्षेत्रांतर्गत, ग्राम पंचायत-जेमरा, सेन्द्रीपाली, परसदा, बारीउमराव, मुंगाडीह एवं कर्रानवापारा की शासकीय उचित मूल्य दुकानों को नवीन संचालक संस्था को आबंटित किए जाने हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0), पाली, जिला कोरबा स्तर से ईश्तहार प्रकाशित किया जाकर, राज्य शासन द्वारा अधिकृत एजेंसियों वृहदाकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्प्स), ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, वन सुरक्षा समितियॉ, अन्य सहकारी समितियॉ, जो छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनिम-1960 अथवा छत्तीसगढ़ स्वायत्त सहकारिता अधिनियम-1999 के तहत पंजीकृत हो, के माध्यम से कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी पाली के समक्ष आवेदन आमंत्रित कराया गया था।

### घोटाले में शामिल लोगों के नाम सार्वजनिक करने की मांग

**कोरबा।** आम आदमी पार्टी ने एसईसीएल दीपका क्षेत्र के मलगांव क्षेत्र में हुए मुआवजा घोटाला में सख्त कार्यवाही के साथ ही फर्जी तरीके से मुआवजा प्राप्त करने वालों का नाम सार्वजनिक करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल दीपका विस्तार परियोजना के तहत ग्राम मलगांव में अधिग्रहित की गई भूमि को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम कटघोरा द्वारा की गई जांच में सामने आया है कि मुआवजे की सूची में दर्ज 152 मकान भौतिक रूप से अस्तित्व में नहीं है ये सभी मकान काल्पनिक पाए गए हैं।

# कोरबा पश्चिम संयंत्र प्रबंधन के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम संयंत्र के डिंडोलभांठा छिरहुट के समीप स्थित राखड़ बांध का तटबंध क्षतिग्रस्त होने व किसानों की फसल बर्बाद होने के मामले में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कोरबा पश्चिम संयंत्र प्रबंधन के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1340 मेगावाट क्षमता वाले कोरबा पश्चिम संयंत्र से उत्सर्जित राख के विस्थापन के लिए नगर पंचायत छुरी डिंडोलभाठा छिरहुट के पास राखड़ बांध का निर्माण किया गया है। स्थित इस बांध में कोरबा पश्चिम संयंत्र से कोयले के दहन से निकलने वाली राख को पाइप लाइन के जरिए भेजा जाता है।

## राखड़ बांध क्षतिग्रस्त होने के मामले में पर्यावरण संरक्षण मंडल की कार्रवाई

**खास बातें**

- 1340 मेगावाट क्षमता वाले पश्चिम संयंत्र के लिए बनाया गया है राखड़ डेम
- पाइप लाइन से भेजा जाता है



रोजाना हजारों मीट्रिक टन राख यहां डाली जाती है। 26 जून की शाम लगातार हो रही बारिश व राखड़ बांध के मरम्मत में बरती गई कोताही की वजह से बांध का तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया। तटबंध क्षतिग्रस्त होने से बांध में भरा राखड़ युक्त पानी आसपास के क्षेत्रों में फैल गया। बांध के समीप स्थित किसानों के खेतों में राखड़युक्त पानी समाहित हो गया। वहीं राखड़ पानी बहते हुए ग्रामीणों के मकानों तक जा पहुंचा। दरअसल राखड़ बांध के मरम्मत में बरती जा रही कोताही की वजह से यह घटना घटित हुई थी। जिसकी वजह से किसानों की फसल बर्बाद हो गई। अब इस मामले में पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कोरबा पश्चिम संयंत्र प्रबंधन के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## 3 प्रीमियम शॉप खोलने की मांगी गई थी मंजूरी

# एनटीपीसी जमनीपाली में खुलेगा जिले का दूसरा शराब का प्रीमियम शॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कुल 37 देसी विदेशी शराब दुकान है लेकिन शहर के उपनगरीय क्षेत्र में शराब प्रेमियों को शराब खरीदने के लिए यहां वहां भटकना न पड़े। इसके लिए दीपका, बालको और दर्री एनटीपीसी में प्रीमियम शॉप खोलने के लिए आबकारी विभाग ने प्रस्ताव भेजा था। जहां तीन स्थानों में प्रीमियम शॉप खोल जाने की तैयारी चल रही थी लेकिन मुख्यालय ने मात्र एक एनटीपीसी जमनीपाली में प्रीमियम शॉप खोलने की अनुमति दी है जिसके लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। आने वाले कुछ महीनों के भीतर यहां मदिरा प्रेमियों को उनके पसंद के अनुरूप प्रीमियम शॉप में शराब मुहैय्या हो सकेगी।

उल्लेखनीय है कि जिले में मदिरा प्रेमियों के लिए उनकी पसंद के अनुरूप के हर ब्रांड उपलब्ध हो सके इसके लिए लगातार आबकारी विभाग की टीम प्रीमियम शॉप खोल रही है। शहर में टीपी नगर में एक प्रीमियम शॉप संचालित भी है जहां मदिरा प्रेमियों के पसंद के डिमांड के अनुसार शराब उपलब्ध कराई जाती है। लगातार मदिरा की बढ़ती बिक्री और मदिरा प्रेमियों को आसानी से शराब मुहैया हो सके इसके लिए आबकारी विभाग ने शहर के उपनगरीय क्षेत्र दीपका, एनटीपीसी, जमनीपाली और बालको में प्रीमियम शॉप खोले जाने के लिए प्रस्ताव बनाकर वरिष्ठ अफसर को भेजा था लेकिन सूत्र बताते हैं कि अब तीन स्थानों में नहीं बल्कि वरिष्ठ अफसर ने मात्र एक एनटीपीसी जमनीपाली में प्रीमियम शराब दुकान खोलने की अनुमति दी है। जिसके लिए आबकारी विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।



फाइल फोटो

### प्रतिदिन चार लाख की बिक्री है टीपी नगर में

आबकारी विभाग के सूत्र बताते हैं कि जिले का मात्र एक प्रीमियम शॉप टीपी नगर मुख्य मार्ग में संचालित है आबकारी विभाग के मुताबिक टीपी नगर प्रीमियम शॉप में प्रतिदिन 4 लाख रुपए की शराब की बिक्री होती है। जिसमें इस दुकान में 900 रुपए की रेंज से लेकर 7 से 8 हजार रुपए बोतल की शराब मदिरा प्रेमियों के लिए उपलब्ध कराई जाती है जबकि बाकी विदेशी दुकानों में इससे कम रेंज के शराब उपलब्ध कराए जाते हैं। यही वजह है कि टीपी नगर स्थित प्रीमियम शॉप की दुकान में भीड़ कम रहती है और लोगों को उच्च लिटी की शराब हाई रेंज में उपलब्ध होती है।

आबकारी विभाग के अफसर द्वारा एनटीपीसी जमनीपाली में प्रीमियम शॉप खोलने के लिए नगर निगम से शॉप मिल सके इस दिशा पर प्रयास किया जा रहा है। यदि नगर निगम से शॉप मिल जाता है तो उसी स्थान पर प्रीमियम शॉप संचालित होगा अन्यथा आबकारी विभाग द्वारा उसकी इलाके में दुकान खोलने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। इसके बाद शराब दुकान का संचालन शुरू हो जाएगा।

### प्रगतिनगर में भारी बारिश से जल भराव, कॉलोनियों में घुसा पानी

गेवरा-दीपका। क्षेत्र में हो रही अत्यधिक वर्षा के कारण प्रगतिनगर स्थित तालाब और नालियां पानी से लबालब हो गई। जिससे पूरे क्षेत्र में जल जमाव और जाम की स्थिति हो गई है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि कुछ आवासों में पानी भी घुस गया है, जिससे रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए पार्षद अरुणेश तिवारी और अन्य श्रमिक जनप्रतिनिधियों की पहल पर एसईसीएल प्रबंधन ने त्वरित राहत के रूप में जलभराव से प्रभावित लोगों के लिए स्नेह मिलन भवन में रहने और भोजन की व्यवस्था की है। दीपका प्रबंधन की ओर से कॉलोनी के प्रभावितों को अपने परिवार के साथ स्नेह मिलन भवन पहुंचकर राहत सुविधा का लाभ लेंने कहा गया है। वहां उन्हें निःशुल्क भोजन और सुरक्षित आश्रय की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## अत्यधिक शराब पीने से युवक की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल पहुंचते ही हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 35 वर्षीय युवक पिछले दो दिनों से लगातार महुआ शराब का सेवन कर रहा था और खाना भी नहीं खा रहा था लेकिन इसके बाद भी वह लगातार शराब पीते ही जा रहा था। इस बीच अचानक सुबह उसकी तबीयत बिगड़ी और जब परिजनों को पता चला तो परिजन उसे आनन फानन में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोढ़ी निवासी लाला खड़िया उम्र 35 वर्ष पिता मंत्री खड़िया पिछले दो दिनों से गांव में महुआ शराब का सेवन कर रहा था और शराब सेवन करने के साथ ही वह खाना पीना नहीं खा रहा था लेकिन लगातार इसके बाद भी वह शराब पी रहा था। पुलिस के मुताबिक लाला खड़िया की गुरुवार की सुबह घर में अचानक तबियत बिगड़ी जिसके बाद परिजनों ने उसे आनन फानन में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में पहुंचाया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और लाला खड़िया की बीच रास्ते ही मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत लाला खड़िया को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्थानांतरण आदेश के 20 दिन बाद भी पूर्व सचिव ने नवीन सचिव को नहीं दिया प्रभार

**कोरबा।** ग्राम पंचायत बरपाली के ग्राम सचिव लखन जायसवाल का स्थानांतरण आदेश 17 जून को जारी कर उसका स्थानांतरण जुनवानी ग्राम पंचायत हो गया है और उसके स्थान पर राजेन्द्र खांडे को बरपाली पंचायत का प्रभार दिया गया है लेकिन आज दिनांक तक लखन जायसवाल द्वारा नए सचिव राजेन्द्र खांडे को प्रभार नहीं सौपा गया। जिससे ग्रामवासी बहुत परेशान हैं। रुके हुए काम आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं लेकिन जनपद पंचायत करतला के सीईओ को इस बात की जानकारी होते हुए भी बरपाली में नए सचिव की ज्वाइनिंग नहीं हो पाया है। सचिव के ज्वाइनिंग नहीं करने के कारण ग्राम पंचायत के हितग्राहियों के पेंसन ,राशनकार्ड, आवेदन संबंधित कार्य नही हो पा रहा है और अन्य समाज कल्याण से संबंधित कोई कार्य भी नहीं हो रहा है तथा विकास कार्य बाधित हो रहा है।

# जनसुविधा के लिए निर्मित टंकी से नहीं निकल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अप्पू गार्डन के समीप नगर निगम द्वारा निर्मित प्याऊ के टंकी में पानी नहीं चढ़ने के कारण कई महीने से बंद पड़ा है। जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पूरी गर्मी बीत गई, तपती धूप में राहगीर और वहां व्यापार कर रहे व्यवसायी बूंद-बूंद पानी को तरसते रहे, लेकिन निगम प्रशासन ने अब तक सुधार नही कराया है।

काम्प्लेक्स के व्यवसाइयों का कहना है कि उन्होंने कई बार निगम अधिकारियों को इस परेशानी से अवगत कराया लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। निगम अपने ही परिसर में मूलभूत सुविधा नहीं दे पा रहा, तो शहर के अन्य समस्या ग्रस्त स्थलों को अनुमान स्वयं लगाया जा सकता है। समस्या को देखते हुए स्थानीय व्यवसाइयों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही पेयजल सुविधा शुरू नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा और निगम को जवाबदेह बनाया जाएगा। स्थानीय निवासियों का यह भी कहना है कि उनके द्वारा सुशासन तिहार में आवेदन दिया गया था इसके बाद भी अधिकारियों ने सुध नहीं ली।



जर्जर पानी टंकी।

# बोर्ड के सदस्य ने वक्फ संपत्तियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वक्फ बोर्ड के सदस्य फैजान सरवर खान के निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली कि कई दुकानदार समय पर किराया जमा नहीं कर रहे हैं और अधिकांश दुकानों का किराया वर्तमान बाज़ार दर के अनुसार अत्यंत कम है। फैज़ान सरवर ख़ान ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी दुकानदार समय पर किराया अदा करें, जिससे वक्फसंपत्तियों की आमदनी में इज़ाफ़ा हो सके और उसे यतीमों, ग़रीबों तथा ज़रूरतमंदों के कल्याण हेतु उपयोग में लाया जा सके। विशेष रूप से, उन दुकानदारों को चिन्हित किया गया जो वर्षों से किराया नहीं दे रहे थे।

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.सलीम राज के निर्देशानुसार बोर्ड के सदस्य फैज़ान सरवर ख़ान ने गुरूवार को जिले के प्रमुख वक्फपरिसरों जामा मस्जिद, मदरसा दारुल उलूम यतीमख़ाना एवं मस्जिद गरीब नवाज़ का दौरा कर वक्फसंपत्तियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित ओहदेदारों व दुकानदारों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें भी की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किराया नहीं देने वाले दुकानदारों से संवाद कर उन्हें आगामी एक माह में तीन किस्तों में संपूर्ण बकाया किराया अदा करने हेतु इकरारनामा भरवाया गया। इसके अलावा, जामा मस्जिद परिसर की दो दुकानों को लेकर मिली शिकायत की जांच भी की गई, जिसमें आरोप था कि मस्जिद कमेटी द्वारा ये दुकानें बेची गई हैं। जांच के दौरान संबंधित दुकानदारों ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी दुकान नहीं खरीदी है, बल्कि प्रारंभ से ही किरायेदार हैं। उन्होंने किराया रसीदें व इकरारनामा भी प्रस्तुत किया, साथ कोई भी रजिस्ट्री पेपर नहीं पाया गया, जिनके आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि इस संबंध में फैली भ्रांति निराधार है। इस बैठक और निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से बिलासपुर से फैज़ान अहमद (शेबु), जामा मस्जिद इंतज़ामिया कमेटी के सदर क़ारी सैयद शब्बीर अहमद अशरफी, सेक्रेटरी हाजी अख़लाक ख़ान अशरफी, जुम्मन ख़ान रिज़वी, हकीम ख़ान, बरकत ख़ान, साबिर ख़ान, मदरसा दारुल उलूम रिज़विया के सदर हाजी अब्दुल रज्जाक मेमन, सेक्रेटरी हलीम शेख, कैशियर बरकत ख़ान, जामा मस्जिद एवं मस्जिद गरीब नवाज़ के इमाम, कमेटी के अन्य सदस्यगण एवं दुकानदार मौजूद रहे। फैज़ान सरवर ख़ान ने कहा कि वक्फसंपत्तियां समाज की अमानत हैं और उनका संरक्षण व उचित प्रबंधन हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वक्फबोर्ड पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करता रहेगा तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



निरीक्षण के दौरान वक्फ बोर्ड के सदस्य।

# जल जीवन मिशन की टंकी के नीचे खोदा गया जानलेवा गड्ढा, विभाग नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजगामार

जिले में जल जीवन मिशन के तहत पाईप लाईन बिछाने से लेकर पानी टंकी निर्माण लगभग पूरा किया जा चुका है। जल जीवन मिशन योजना की मियाद दो वर्ष बढ़ाए जाने के बाद सभी ग्राम पंचायतों में पानी टंकी का निर्माण किया जा चुका है किंतु पानी टंकी के आसपास व उसके चारों ओर बांउड्रीवाल अभी तक निर्माण नहीं किया गया हैं। बारिश होने के कारण उक्त गड्ढा भर गया था जिससे खतरा और बढ़ गया है।

जल जीवन मिशन के कार्यों का जब राज्य स्तर के अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया जाता है तो विभागीय अधिकारी ऐसे कार्यों का निरीक्षण करा देते हैं जहां मिशन के कार्यों की स्थिति सही है। लोगों को पानी मिलता नजर आता है। कुछ ऐसा ही मामला रजगामार ग्राम पंचायत में देखा गया है जहां पानी टंकी का निर्माण तो करा दिया गया है किंतु पानी की सप्लाई नहीं की गई है वहीं पानी टंकी के समीप 8 से 10 फीट गड्ढा खोद दिया गया है। उक्त गड्ढा और पानी टंकी की दूरी महज 1 से 2 फीट की दूरी ही है। आगामी बारिश में उक्त गड्ढा में पानी भर जाता है तो पानी टंकी के गिरने की संभावना बढ़ जाएगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संबंधित ठेकेदार से उक्त गड्ढा को भरने के लिए कहा गया तो आज बना दूंगा कल बना दूंगा कहते हुए 6 से 7 माह बीत चूका है गड्ढा जस का तस बना हुआ है। वही पीएचई विभाग के अधिकारी कहते हैं कि जानकारी लेते हैं रिपोर्ट लेते हैं। उक्त गड्ढा में कई मवेशी भी गिर चुके हैं। पानी टंकी के नजदीक दो स्कूल हैं तथा एक खेल का मैदान है इस दौरान बच्चें सहित स्थानीय लोगों का आना जाना रहता है। स्थिति यही रही तो आने वाले दिनों में बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। संबंधित पीएचई विभाग के अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं उसके बाद ही इस ओर ध्यान दिया जाएगा। पंच जितेंद्र राठौर ने जानकारी दी कि संबंधित ठेकेदार से कई बार फोन से बात किया गया कि उक्त गड्ढा के चारों ओर बाउंड्रीवाल बनाना है और जल्दी नहीं बनाया गया तो बारिश में बड़ी घटना घट सकती है किंतु 6 से 7 माह बीतने के बाद भी संबंधित ठेकेदार और संबंधित पीएचई के अधिकारी द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया है।



फाइल फोटो




## खबर संक्षेप



### बच्चे मन लगाकर करें पढ़ाई : जायसवाल

**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदीबाजार भांठापारा स्थित आदर्श विंझवार बालक आश्रम में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलापंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता जायसवाल, विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सभापति पाली मुकेश जायसवाल, सरपंच लोकेश्वर कंवर,डॉ विजय राठौर ने सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर नवप्रवेशी बच्चों को माला पहनाकर,मिठाई खिलाकर, तिलक लगाकर, पुस्तक वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया। इस दौरान जिलापंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता जायसवाल ने कहा कि शिक्षा सभी का अधिकार है, सभी बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आएं, मन लगाकर पढ़ाई लिखाई करें। अपने-अपने माता-पिता, गुरुजनों, विद्यालय और गांव का नाम रौशन करें। मुकेश जायसवाल ने कहा कि पढ़ाई लिखाई में किसी प्रकार की कमी न करें, मन लगाकर पढ़ाई लिखाई के साथ शारीरिक व्यायाम करें, दिमाग में तनाव न रखें, जो समस्या है उसे अपने गुरुजनों व माता-पिता से कहें, डॉ विजय राठौर ने सभी बच्चों से कहें कि बारिश का मौसम है, जिससे मौसमी बीमारी होती है ऐसे में आप तुरंत उपचार कराएं, बाहरी खान-पान से बचें, कभी भी स्वास्थ्य खराब हो देरी न करते हुए, आप ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। इस दौरान संकुल समन्वयक तरुण डिक्सेना, अधीक्षक संत कुमार पोर्ते, प्रधान पाठक श्रीमती कल्पना राठौर,महराज सिदार,आईपी साहू,प्रतिभा पात्रे, सोनिया राज,प्रशांत,अनामिका कंवर,विनोद, रामकुमार पटेल, जतिन सहित अन्य अतिथि व शिक्षक उपस्थित थे।

### मैनपाट में उल्टे बहते पानी का आनंद लेते कटघोरा विधायक



**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के काश्मीर मैनपाट पहुंचे। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद फुर्सत में प्रकृति का आनंद लेने निकने तो मैनपाट प्रकृति का अद्भुत नजारा देख आनंदित हो उठे, उल्टा बहता पानी देख आश्चर्यचकित हुए। साथ ही उन्होंने टाईगर पाइंट, जम्पि स्थल भी जाकर जम्पि किए , बारिश में मैनपाट की एक औलोकिक छंटा देख आनंद और शांति का अहसास हुआ।

### सांसद प्रतिनिधि नियुक्त हुए ओम प्रकाश



**कोरबा।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत संडेल निवासी ओम प्रकाश चंद्रवंशी पिता स्व. रेवाराम चन्द्रवंशी को करतला विकासखण्ड के अन्तर्गत शिक्षा विभाग का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त कर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### रोशन बने सांसद प्रतिनिधि



**कोरबा।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने ऊर्जानगर दीपका निवासी रोशन निर्मलकर पिता हीरालाल निर्मलकर को जिले के कटघोरा अनुभाग में खाद्य विभाग से संबंधित कार्य संपादन के लिए अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

## 25 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की मंत्री ने की घोषणा

# गुरु पूर्णिमा पर उद्योग मंत्री ने की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ये मेरा सौभाग्य है की आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रिसदी स्थित सद्गुरु कबीर आश्रम में आयोजित चौका आरती और पूजन में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ। आश्रम से मेरा वर्षों से जुड़ाव रहा है। आप सभी ने विधानसभा और नगर निगम चुनाव में भाजपा को आशीर्वाद देकर रिकॉर्ड मतों से जिताया। डबल इंजन की सरकार ने नगर निगम के सभी वार्डों में पहले वित्तीय वर्ष में 400 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी है जिसका काम तेज गति से चल रहा है।

उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरुवार को रिसदी स्थित सद्गुरु कबीर आश्रम में पूजा कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने आश्रम में चौका आरती कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही संतों का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने आश्रम परिसर में 25 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की इस वित्तीय वर्ष में भी करोडो के कार्य स्वीकृत किये गए हैं, टेंडर की प्रक्रिया तेजी से कर कार्यों को गति दी जा रही है। इस अवसर पर मंत्री ने परम पूज्य महंत श्री ज्ञानेश्वर साहेब का आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी उपस्थित लोगों को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा की गुरु की कृपा शिष्य को जीवन के समस्त विघ्नों से रक्षा प्रदान करती है, उसे अज्ञानता से ज्ञान, संकट से समाधान की और मार्ग प्रशनस्त करती है। इस अवसर पर गुरु शरण चंद्रा, यशोदा चंद्रा, माया, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, लखन चंद्रा, पार्षद प्रताप सिंह, जीवेन्द्र चंद्रा, नन्द कुमार चंद्रा, चनद्रिका चंद्रा, नारयण गभेल, प्यारे लाल गभेल, हेमंत गभेल, रेशम महंत समेत अधिक संख्या में समाज के प्रमुख जन उपस्थित रहे।



पूर्जा अर्चना करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन।



कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय जनमानस।



## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 42 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

छत्तीसगढ़ नवप्रगति मंच के द्वारा हरदीबाजार समरसता भवन भांठापारा तहसील पीछे गुरुवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रक्त परीक्षण एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं पर्यावरण जन जागरुकता अभियान रखा गया था, जिसमें विशेष सहयोगी सनिता अनिल टंडन जनपद सदस्य, सरपंच लोकेश्वर कंवर एवं विनय जायसवाल रहे। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, चैनपुर सरपंच विनोद टेकाम, प्रेसक्लब हरदीबाजार राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, जगदीश अग्रवाल वही रक्तदाताओं में अनिल टंडन,अनुसुइया राठौर, घनश्याम श्रीवास, चंद्रकांत श्रीवास, महेंद्र टंडन, अतिक मेमन सहित कुल 45 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ नव प्रगति मंच से अर्जुन वस्त्रकर अजय यादव के साथ उनके पूरे टीम के द्वारा शिविर में रक्त दान के साथ-साथ लोगों का निःशुल्क बीपी शुगर टेस्ट किया गया। छत्तीसगढ़ नवप्रगति मंच के टीम के द्वारा लोगों को संदेश देने के लिए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं हेलमेट भी दिया गया।

## लायन्स क्लब कटघोरा छुरी ने किया पौधरोपण




पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल लायंस क्लब के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 सी से सम्बंधित संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम खुटरीगढ़ स्थित भारत भवन छात्रावास के प्रोग्राम कोआर्डिनेटर उत्तम सस्ते के आतिथ्य में आज भारत भवन खुटरीगढ़ के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में क्लब के कोषाध्यक्ष राकेश गोयल ने बताया कि हर व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए क्योंकि आज नए रोड बनने की वजह से जिस प्रकार से वृक्षों की कटाई की जा रही है वह शायद किसी से भी छुपा नही है जिसका परिणाम हम गर्मी के समय देखते हैं कि आजकल कितनी तेज गर्मी पड़ती है जिसका कारण है की अपने छेत्रो में पेड़ों का कम होना। ततपश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तम सस्ते ने बताया कि वृक्ष लगाना पुण्य का कार्य है लेकिन वृक्ष को केवल लगा ही देने से हमारी जिम्मेदारी समाप्त नही हो जाती है उसकी देखरेख भी जरूरी है उन्होंने कहा कि यदि पर्यावरण को बचाना है व वायुमंडल के प्रदूषण को समाप्त करना है तो वृक्षारोपण निहायत ही आवश्यक है आज नगर की समाजसेवी संश्था के द्वारा यह पहल निश्चित ही सराहनीय है व हर व्यक्ति को वृक्ष लगाना चाहिए। ततपश्चात अतिथि व सभी सदस्यों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत एक से बढ़कर एक फलदार व छायादार अमरूद, पीपल, नीम, कटहल, आम, पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, नरेंद्र अग्रवाल, डायबिटीज चेयरपर्सन राजूदास दीवान, पर्यावरण चेयरपर्सन लव अग्रवाल सहित सभी सदस्य व छात्रावास के प्राध्यापकगण व बच्चे उपस्थित रहे।

### सुमी नर्सरी विद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**कोरबा।** बालको नगर हाउसिंग बोर्ड में स्थित सुमी नर्सरी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों ने गुरुओं को तिलक लगाकर व पुष्प-गुच्छ प्रदान कर उनको सम्मानित किया एवं गुरुओं द्वारा दिए गए ज्ञान के लिए उन्हे धन्यवाद भी दिया और उनके चरण-स्पर्श कर उनके आशीर्वाद लिए गुरु पूर्णिमा पर्व जो गुरुओं के सम्मान में मनाया जाता है। यह दिन गुरु शिष्य परंपरा का प्रतीक है। यह दिन गुरुओं को समर्पित है जिन्होंने ज्ञान प्रदान किया। विद्यार्थियों द्वारा गुरुओं के प्रति आदर की अभिव्यक्ति करते हुए कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। भाषण ,कविता , गीत और नृत्य के साथ-साथ अपने गुरुओं के लिए शुभकामना पत्र एवं विभिन्न गतिविधियां इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य आकर्षण रहे। विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमान सूर्यकांत ठाकुर ने विद्यार्थियों को बताया कि गुरु के बिना जीवन सफल नहीं होता है। गुरु ही अपने शिष्यों को आगे बढ़ते हुए देखकर खुश होता है। हमें अपने जीवन में अपने माता- पिता एवं गुरु का हमेशा सम्मान करना चाहिए।

## हर खेत तक सहायता, हर किसान तक विश्वास, शासन की योजनाओं से खरीफ की शुरुआत बनी आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में इस समय खरीफ सीजन की बुआई का कार्य अपने चरम पर है। झमाझम बारिश के बीच खेतों में रौनक लौट आई है और किसानों में उत्साह का माहौल है। इस पूरे कृषि चक्र को सुचारू बनाने के लिए राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। शासन की प्राथमिकता है कि प्रदेश समेत जिले के किसी भी किसान को कृषि में समस्या महसूस न हो।

**खास बात**

- समय पर मिला खाद-बीज, अब हर फसल से जुड़ी है उम्मीद और उत्साह

जिले की सभी सहकारी समितियों में खाद एवं बीज का भरपूर भंडारण किया गया है और वितरण की प्रक्रिया निरंतर पारदर्शी और सुगम ढंग से जारी है। समितियों के माध्यम से किसानों को यूरिया, डीएपी, पोटाश, सुपर फास्फेट, नैनो यूरिया सहित प्रमाणित एवं उन्नत किस्म के धान बीज जैसे दु स्वर्णा, 1010, 1001 और 1156 का वितरण किया जा रहा है। सहकारी समितियों में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए वितरण कार्य को इस तरह व्यवस्थित किया गया है कि किसानों को न तो लंबी कतार में लगना पड़ रहा है और न ही अनावश्यक इंतजार करना पड़ रहा है। किसान अपनी आवश्यकता अनुसार समितियों में पहुंचकर सुगमता से खाद-बीज प्राप्त कर रहे हैं। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सोनपुरी समिति के महाप्रबंधक श्री बरत साहू ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार समुचित भंडारण और समयबद्ध वितरण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक कुल 2,429.8 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। समिति में पंजीकृत लगभग 95 प्रतिशत किसान खाद-बीज का उठाव कर चुके हैं, और शेष किसानों को भी शीघ्र ही सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। श्री साहू ने यह भी बताया कि शासन द्वारा समय-समय पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त खाद-बीज भेजा जा रहा है, जिससे वितरण में कोई रुकावट न आए। यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक किसान को उनकी जरूरत के अनुसार समुचित मात्रा में गुणवत्ता युक्त बीज और खाद प्राप्त हो। उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी कुछ दिनों में शत-प्रतिशत किसानों को खाद-बीज का वितरण पूर्ण कर लिया जाएगा। शासन की दूरदर्शी नीतियों और समय पर योजना क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप इस वर्ष किसानों को खेती की शुरुआत में किसी भी प्रकार की कमी नहीं झेलनी पड़ी। परिणामस्वरूप जिले में खरीफ फसलों की बुआई का कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है और किसानों को इस वर्ष एक बेहतर फसल की उम्मीद है।

### भाजपा मंडल पाली द्वारा गुरु पूर्णिमा पर किया गया गुरुजनों का सम्मान



**पाली।** गुरु पूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल पाली द्वारा विभिन्न क्षेत्र के धर्म गुरुओं, पंथ गुरु, शिक्षकों सहित साधु संतों का सम्मान किया गया। भाजपा पदाधिकारियों ने सभी गुरुजनों के निवास स्थान पर जाकर उन्हें साल श्रीफल और तिलक लगाकर उनका सम्मान किया। पाली नगर में शिक्षकीय क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु दिनेश जायसवाल एवं एस पी पटेल, संगीत के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु कार्तिक राम डिक्सेना, लाफागढ़ राजपुरोहित मुरली मनोहर शर्मा, काली मंदिर पुजारी प्रमोद तिवारी, शक्ति दाई मंदिर पुजारी अश्वनी दुबे, हनुमान मंदिर पुजारी श्रीहरि शर्मा, गायत्री परिवार प्रमुख वैद्यराज रामफल पटेल, बाल ब्रम्हचारी संत शिवपुरी, साहू समाज प्रमुख लक्ष्मी साहू आदि का सम्मान किया गया।इस अवसर कर प्रमुख रूप से जिला भाजपा मंत्री नपं अध्यक्ष अजय जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल, मंडल महामंत्री भाजपा तारकेश्वर पटवा, उपाध्यक्ष हरीश चावड़ा, रूपेश कंवर, पूर्व पार्षद रामविलास जायसवाल, रमाकांत जायसवाल, मंडल कोषाध्यक्ष रितेश जायसवाल, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा, पार्षद भूपेंद्र कुर्रे, भाजयुमो मंडल महामंत्री विशाल मोटवानी, मंडल मंत्री घनश्याम पटेल, आशीष अग्रवाल, बुधराम डिक्सेना आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## बांकी साइड हाईस्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत बांकी साइड हाईस्कूल में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अध्यक्षा श्रीमती सोनी विकास झा मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर और तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। साथ ही कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्रों को निःशुल्क किताबे व गणवेश वितरण किया गया।

नगर पालिका बांकीमोंगरा अध्यक्षा श्रीमती सोनी विकास झा ने अपने कहा कि स्कूल जीवन से ही सफलता की नींव रखी जाती है, इसलिए छात्रों को मेहनत करनी चाहिए और अपने गुरुजनों का आदर करना चाहिए। उन्होंने स्कूल में प्राचार्य रुम कराने और मंच निर्माण की घोषणा भी की। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जिसमें बांकीमोंगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत कैवर्त, बाकी साइड हाईस्कूल शाला समिति के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पांडेय, शाला समिति के विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मी अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती अनिता राजपूत, वार्ड पार्षद पति हरीश सायतोड़े शामिल थे। जहां कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर , मुंह मीठा कराकर पुस्तक वितरण और न्यौता भोज का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा स्कूल के प्राचार्य और बच्चों व समस्त अतिथिगण के साथ पालिका अध्यक्षा ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया। इस दौरान स्कूल के बच्चों में अति उत्साहित और उर्जा देखने को मिला।



**खास बात**

- मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्षा श्रीमती झा हुए शामिल

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामखिलावन राठौर पिता स्व. झाडूराम राठौर साकिन मौहाडीह तहसील दीपका के द्वारा के ग्राम मौहाडीह तहसील दीपका में हक स्वामी भूमि ख.नं. 238/2, 374/5 रकबा क्रमशः 0.053, 0.081 हे. भूमि स्थित है आवेदक द्वारा उक्त भूमि बंटवारा से प्राप्त भूमि है। उक्त भूमि वर्ष 2016-17 न. क्र. 9 प्र. दि. 06.02.2017 है। उक्त भूमि वर्तमान में त्रुटीवश आवेदक के पिता के नाम पर ख.नं. 238/2, 375/5 दर्ज है। आवेदक के द्वारा त्रुटी सुधार उक्त भूमि अपने नाम पर दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 25/07/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 09/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

## एसएसपी ने ऑपरेशन तलाश अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व जवानों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले की पुलिस ने ऑपरेशन तलाश में गुम हुए महिला एवं पुरूषों को दस्तयाब करने बड़ी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए 119 लोगों को दस्तयाब करने में सफल रही है। दस्तयाब के इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व जवानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में 1 से 30 जून तक ऑपरेशन तलाश चलाया गया। अभियान के पूर्व 381 गुम इंसान दर्ज किए गए थे।

एसएसपी ने अभियान के दौरान सफलता के लिए नोडल अधिकारी की चयन, टीमों को दस्तयाबी के लिए प्रोत्साहित कर लगाना एवं नई तकनीकी साधनों के बेहतर उपयोग एवं पूरी क्षमता के दस्तयाबी करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान गुम हुए प्रत्येक व्यक्तियों के घर पर जाकर उनके परिजनों से संपर्क करते हुए हर एक प्रकरण की समीक्षा करने के उपरांत रणनीति बनाकर टीम का गठन कर ऐसे संभावित स्थान पर रवाना किया गया, जहां गुम व्यक्ति के मिलने की संभावना थी। अभियान में रेंज के सूरजपुर पुलिस गुम इंसान दस्तयाबी के प्रतिशत में प्रथम स्थान पर रहा। ऑपरेशन तलाश के तहत थाना सूरजपुर द्वारा 31, थाना चंदौरा 2, थाना भटगांव 19, थाना ओड़गी 5, थाना प्रतापपुर 10, थाना रामानुजनगर 22, थाना विश्रामपुर 13, थाना झिलमिली 5, थाना प्रेमनगर 3, थाना जयनगर 6, थाना चांदनी 3 जिसमें 103 महिला एवं 16 पुरूष सहित कुल 119 गुमशुदा व्यक्ति को दिल्ली, गोवा, बिहार व अन्य जिलों से दस्तयाब किया गया है। सभी गुम इंसानों को सकुशल उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। तलाश अभियान के दौरान थाना विश्रामपुर क्षेत्र की एक गुम महिला को दिल्ली के जाफराबाद में होने की जानकारी हाथ लगने पर पुलिस टीम दिल्ली जाकर काफी पतासाजी व खोजबीन और सूझबूझ का इस्तेमाल कर महिला को दस्तयाब करने में सफल रही, गुम महिला के 2 छोटे बच्चे है जिन्होंने अपनी मां को वापस पाकर उनके चेहरे खिल उठे।

## कोरबा मार्केट







भारतीय जनता पार्टी दीपका के
मृदभाषी मिलसार पार्टी के सच्चे सेवक
रोहित कुमार राठौर
को भाजपा मंडल दीपका का
उपाध्यक्ष बनने पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
रोहित राठौर
भाजपा नेता
मे. रोहित कुमार राठौर ट्रेवल्स, दीपका
शुभेच्छु :- आनंद राठौर एवं समस्त मित्रमंडल, दीपका

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**कोरबा।** जिले में 25वीं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतिगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन गुरुवार को सेंट्रल वर्कशॉप एसईसीएल फुटबॉल मैदान कोरबा में संपन्न हुआ, जिसमें सब जूनियर बालक 15वर्ष में एमजीएम बालको कोरबा विजेता रहे। जूनियर बालक 17वर्ष में एम जी एम बालको कोरबा विजेता तथा सेजस बांकीमोंगरा कटघोरा उपविजेता रहे। 17वर्ष बालिका सेजस सिंघिया पोंडीउपरोडा विजेता रहे। इस प्रतियोगिता का आयोजन लोक शिक्षण संचालनालय आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय, के आर टंडन क्रीड़ा खंड कोरबा के मार्गदर्शन में तथा संयोजक प्राचार्य मनोज बारिक गाटलिव, श्रीमती कल्पना मिश्रा, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक कृष्ण गढ़वाल, संदीप गौरहा, युवा कल्याण विभाग के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### गोपाल बने श्याम मित्र मंडल कोरबा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष



**कोरबा।** श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष पद हेतु हुए चुनाव में गोपाल अग्रवाल सीए ने अपने निकटतम उम्मीदवार जगदीश सोनी को 74 वोटों से हराकर अध्यक्ष पद पर आसीन हुए हैं, मुख्य चुनाव अधिकारी नूतन सिंह ठाकुर ने बताया कि कुल 280 वोट पड़े जिसमें गोपाल अग्रवाल को 175 तथा जगदीश सोनी को 101 वोट मिले, वही 4 वोट निरस्त घोषित किए गए, नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने कहा है कि सभी सदस्यों एवं निर्वाचित कार्यकारिणी को साथ लेकर मंदिर की प्रतिष्ठा एवं मंदिर के हित में कार्य किए जाएंगे उन्होंने चुनाव के दौरान प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से उनके सहयोग करने वालों को धन्यवाद दिया है।

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए निगम के कर्मचारी हो रहे सम्मानित

**कोरबा।** नगर निगम के सहायक ग्रेड-2 गोविंद पालीवाल, हेल्पर मजदूर कमलकांत शर्मा एवं खम्हनदास को जुलाई माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने फेस आफ द मंथ चुने गए कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि आज से 6 माह पूर्व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशेष पहल पर निगम का फेस आफ द मंथ चुने जाने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, इसका मुख्य उद्देश्य निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करना, उनका उत्साहवर्धन करना एवं अन्य कर्मचारियों को भी इसके लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करना था। इसी कड़ी में निगम की सहायक ग्रेड-2 गोविंद पालीवाल, हेल्पर मजदूर कमलकांत शर्मा एवं खम्हनदास को जुलाई माह हेतु निगम का फेस आफ द मंथ चुना गया है। फेस आफ द मंथ चुने गए गोविंद पालीवाल, कमलकांत शर्मा व खम्हन दास ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि निगम प्रशासन ने हम लोगों के परिश्रम व कार्य के प्रति हमारी निष्ठा के लिए हमें जो सम्मान दिया है, उसके लिए हम निगम प्रशासन के प्रति दिल से आभारी हैं, उन्होने कहा कि हम अपने आपको सम्मानित महसूस कर रहे हैं, हमें इससे यह प्रेरणा मिली है कि हम आगे और भी अधिक अच्छा कार्य करें, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहें।

### दीपका मंडल के रोहित बने उपाध्यक्ष



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी दीपका मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही रोहित राठौर को उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देश और भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय जी की सहमति से जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने दीपका मंडल के लिए नई टीम की घोषणा की। रोहित राठौर को उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## शहर के अलग- अलग क्षेत्रों में मवेशी व सांढ का बढ़ रहा आतंक

# मवेशी ने 6 लोगों पर किया जानलेवा हमला, स्थानीय लोगों ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश का मौसम शुरु होते ही मवेशी शहर व उपनगरीय क्षेत्रों की सड़कों पर जाकर बैठ जाते हैं जिससे आने जाने वाले राहगीर गाहे बगाहे मवेशियों से टकरा जाते हैं जिससे कभी भी राहगीरों की जान पर बन आती है तो कभी भी मवेशियों की भी मौत हो जाती है। इसी कड़ी में बुधवारी क्षेत्र में मवेशी के हमले से 6 लोग घायल हो गए। इनमें से एक व्यक्ति को सिर में 6 टांके लगाने पड़े। स्थिति बिगडऩे पर एक टीम द्वारा मवेशी का रेस्क्यु किया गया और मवेशी को सुरक्षित जगह पर रखा गया है ताकि आगे फिर ऐसे हालात न बन सके।

जानकारी के अनुसार गाय ने पिछले दिनों एक बछिया को जन्म दिया है। इसके बाद से ही वह आक्रामक हो गया है। उसके पास जाने या वहां से गुजरने पर मवेशी उन पर हमला कर देती है। बताया गया कि अब तक 6 लोग घायल हो चुके है। लगातार बढ़ती घटनाओं पर निगम व छत्तीसगढ़ वेलफेयर सोसायटी को सूचित किया गया। सोसायटी के अविनाश गुप्ता, निखिल यादव, सूरज सिंह, सुमित, अनिकेत, आयुष, जगदीश, जयेश, यशवंत, कुणाल, स्वैगी ने रस्सा और अन्य संसाधन के साथ रेस्क्यु अभियान शुरू किया। कुछ देर में दोनों को अपने



मवेशी का रेस्क्यू कर गाड़ी लेकर जाते सोसायटी के लोग।

कब्जे में लेने के बाद गौ सेवाधाम पहुंचाया गया। पिछले दिनों निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने कहा था कि सडक़ या आसपास में मौजूद मवेशियों के मामले में उनके पालकों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। लेकिन समस्या उन मामलों में आ रही है जो मवेशी लवारिश है या स्थिति बिगडऩे पर ऐसे मवेशियों को लवारिश बता दिया जाता है।

### 60 से अधिक मवेशी पहुंचाए गए गोकुलनगर



निगम द्वारा विगत एक पखवाडे के दौरान शहर की सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले 6 दर्जन से अधिक मवेशियों को सड़कों से उठाकर गोकुलनगर पहुंचाया गया है, निगम द्वारा प्रतिदिन यह कार्यवाही की जा रही है, सड़कों से मवेशी उठाने के दौरान वहॉं पहुंचने वाले संबंधित पशुपालकों को कड़ी समझाईश भी दी जा रही है कि वे मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े। पशुपालकों द्वारा अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, अनेक दुर्घटनाएं हो भी गई हैं, आवागमन बाधित होता है, यातायात व्यवस्था बिगडती है, साथ ही मवेशियों के घायल होने की आशंका बनी रहती है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सड़क से उठाने तथा उन्हें सुरक्षित गोकुलनगर पहुंचाने की नियमित कार्यवाही की जा रही है।

### कालोनियों में भी बढ़ रहा है मवेशियों का आतंक

शहर के कॉलोनी में मवेशियों का आतंक लगातार बढ़ते जा रहा है। पिछले कुछ दिनों पूर्व ही शहर के टीपी नगर क्षेत्र में कुछ मवेशियों ने एक आदमी को पूरी तरह हमला पर घायल कर दिया था। इसके बाद भी प्रशासन एक्शन में नहीं आया है और लगातार कॉलोनी में भ्रमण कर लोगों को अपने निशाना बना रहे हैं। ट्रांसपोर्ट नगर, निहारिका, आरपी नगर, शिवाजी नगर सहित आसपास के इलाके में स्थान की कई टोली अलग-अलग घूम रही है जो लोगों पर लगातार जानलेवा हमला कर रही है जिससे लोग अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# रामपुर विधानसभा क्षेत्र के छात्रावासों में कम पड़ रही सीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रामपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण व दूरस्थ वनांचल के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास बनाए गए हैं। वर्तमान में इन छात्रावासों में रहकर छात्र-छात्राएं अध्यापन कार्य कर रहे हैं। छात्रावास में अब सीट कम पड़ने लगी है। जिसकी

**खास बात**

- छात्रावासों में अतिरिक्त सीटों की वृद्धि को लेकर विधायक फूलसिंह राठिया ने सीएम को लिखा पत्र

वजह से सभी जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रावास सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में या तो विद्यार्थियों को बीच में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ रही है या फिर किराए के रूप में आर्थिक खर्च करना पड़ रहा है।

बच्चों की इस समस्या को देखते हुए रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने विधानसभा क्षेत्र में संचालित छात्रावासों में सीट वृद्धि को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने किस छात्रावास में कितने अतिरिक्त सीट की आवश्यकता है इसका भी उल्लेख किया है। विधायक श्री राठिया ने पत्र में कहा है कि रामपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत अनुसूचित जनजाति बालक बालक एवं बालिका छात्रावासों में अतिरिक्त सीटों की वृद्धि किया जाना अतिआवश्यक है। पत्र में बताया गया है कि विकास खण्ड करतला के कस्तुरबा गांधी अवासीय विद्यालय सेन्द्रीपाली में 50, प्री. मेट्रिक बालक छात्रावास करतला में 20, कन्या छात्रावास करतला में 20, कन्या छात्रावास रामपुर में 10, कोरबा ब्लॉक के प्री. मेट्रिक बालक छात्रावास भैसमा में 20, कन्या छात्रावास कुदमुरा में 20, कन्या छात्रावास भैसमा में 10, प्री. मेट्रिक बालक छात्रावास तुमान में 10, प्री. मेट्रिक बालक छात्रावास तिलकेजा में 20, कन्या छात्रावास तिलकेजा में 20 अतिरिक्त सीट वृद्धि की नितांत आवश्यकता है।



फूलसिंह राठिया

श्री राठिया ने सीएम साय से आग्रह किया है कि उक्त हाईस्कूलों को हायर सेकेण्डरी स्कूलों में उन्नयन करने के लिए कार्यवाही किया जाए। साथ ही अतिरिक्त सीट वृद्धि को लेकर निवेदन किया, ताकि ग्रामीण तबके के बच्चों को शिक्षा से वंचित ना होना पड़े।

# बुधवारी बाजार में गदंगी फैलाने वाले सब्जी व्यावसाइयों पर लगा 13 हजार का अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शहर के बुधवारी सब्जी फल बाजार में गदंगी फैलाने, दुकानों से निकले कचरे को डस्टबिन में न रखने पर निगम की एक्शन टीम ने कार्यवाही करते हुए संबंधित सब्जी फल व्यवसायियों पर 13 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया, टीम ने संबंधितों को हिदायत दी कि दुकानों में डस्टबिन रखें, दुकान से उत्सर्जित कचरा डस्टबिन में डालें, बाजार में गदंगी न फैलाएं अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय प्रतिदिन शहर का भ्रमण कर जनसमस्याओं का जायजा लेने व उनका निराकरण करने के साथ-साथ शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस रखकर शहर को साफ-सुथरा रखने, सफाई व्यवस्था में आमूल-चूल बदलाव लाने व सफाई के प्रति लोगों की आदतों में सुधार लाने का भगीरथ प्रयास कर रहे हैं, किन्तु बार-बार समझाईश दिए जाने के बावजूद कतिपय लोगों द्वारा सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में गदंगी फेकी जा रही है, इससे एक ओर जहॉं निगम के भरसक प्रयासों के बावजूद सफाई व्यवस्था बाधित हो रही है, वहीं शहर को साफ-सुथरा रखने के आयुक्त श्री पाण्डेय की कोशिशों में भी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। अभी कुछ दिन पहले अपने नियमित शहर भ्रमण की कड़ी में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ बुधवारी सब्जी बाजार का सघन रूप से निरीक्षण किया था, उन्होनें व्यवसाय संचालन करने वाले थोक व फुटकर सब्जी विक्रेताओं को समझाईश दी थी कि वे बाजार को स्वच्छ, साफ रखें, अपने प्रतिष्ठानों दुकानों में बड़ी साईज के डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें, उत्सर्जित कचरे को इन्हीं डस्टबिन में संग्रहित करें, बाजार में गंदगी न फैलाएं, किन्तु इसके बावजूद कतिपय सब्जी फल व्यवसायियों द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है तथा उनके द्वारा कचरे को बिखेरा जा रहा है, गंदगी फैलाई जा रही है। आज निगम की एक्शन टीम ने कार्यवाही करते हुए 19 विक्रेताओं पर 13 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया।

# एक ही स्थान पर मिलेगा मनोरंजन और व्यंजन का आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका परिषद अंतर्गत नगर के सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर के इकलौते पुष्पवाटिका और नवनिर्मित चौपाटी का लोकार्पण समारोह बड़े ही

**खास बात**

- कटघोरा को मिली नई सौगात, पुष्पवाटिका और चौपाटी का हुआ लोकार्पण

धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल और नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने फीता काटकर इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का शुभारंभ किया।

नगर पालिका द्वारा पुष्पवाटिका के जीर्णोद्धार और चौपाटी के निर्माण कार्य जिला खनिज न्यास मद के सहयोग से कराए गए हैं। कटघोरा एसडीएम रोहित सिंह की पहल पर पुष्पवाटिका के उन्नयन के लिए 62.89 लाख की राशि स्वीकृत की



शुभारंभ करते अतिथि।

गई, जिससे पार्क में झूले, फव्वारे, पाथवे, पगौड़ा, और साफ-सफाई समेत सौंदर्यीकरण का व्यापक कार्य किया गया। इसके साथ ही फास्टफूड व्यवसायियों को संगठित रूप में व्यापार करने के लिए पुष्पवाटिका के सामने एक आकर्षक चौपाटी का निर्माण कराया गया है, जिसमें लगभग 66 दुकानों की व्यवस्था की गई है। इसके लिए 19.41 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। अब नगर के फास्टफूड स्टॉल और ठेले एक निर्धारित स्थान पर संचालित होंगे, जिससे न सिर्फ ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि नगर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रूप भी मिलेगा। विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि कटघोरा के नागरिकों को अब अपने ही नगर में मनोरंजन और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद एक ही स्थान पर मिलेगा। सरकार की प्राथमिकता है कि हर नगरवासी को बुनियादी सुविधाएं मिलें और हम कटघोरा को एक आदर्श नगर बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास करेंगे।उन्होंने नगर पालिका की पहल की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार विकास को नई गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान कटघोरा एसडीएम रोहित सिंह, नगर पालिका सीएमओ ज्ञानपुंज कुलमित्र, सब इंजीनियर अनिल कुमार उपाध्यक्ष लालबाबू ठाकुर पार्षदगण संजय अग्रवाल, राजेश्वरी जात्रा, हरीश यादव, राजूदास दीवान, निसार अहमद, लक्ष्मी खैरवार, शिवमती पटेल, रमेश पटेल, डॉ शेख इस्तियाक, अमित जायसवाल समजीत सिंह मण्डल महामन्त्री अजय धनोंदिया मण्डल उपाध्यक्ष, मनोज नायडू, टिकम्पाल, केशव अग्रवाल, रूपेश जायसवाल, उमाकांत डिकसेना, मनोज दुबे, मन्नू राठौर, अनुराग दुहलानी, पवन जायसवाल, गोपेन्द्र पाण्डेय, नवनीत पटेल, आत्मानानारण पटेल, मुकेश गोयल, विनोद जायसवाल, अशोक दुबे, संदीप चौबे, शारदापाल, अरविंद शर्मा, शिवशंकर जायसवाल, देव रत्नाकर, अनिल दुहलानी, ओमप्रकाश डिकसेना सहित नगर पालिका के सभी अधिकारी कर्मचारी भाजपा के सभी सदस्य व नगरवासी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका दीपका ने सीईडब्ल्यूआरएल से वसूला 32 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका नगर पालिका ने छत्तीसगढ़ रेलवे विभाग (सीईडब्ल्यूआरएल) पर कार्रवाई करते हुए 31 लाख 99 हजार रुपये की पेनाल्टी वसूली है। यह कार्रवाई चाकाबुडा और कृष्णा नगर में रेलवे के कार्य के दौरान नगर पालिका द्वारा स्थापित पेयजल पाइपलाइन को बिना अनुमति तोड़े जाने पर की गई। घटना के बाद नगर पालिका ने तत्काल हाइवा पोकलैंड, ट्रैक्टर समेत 11 वाहनों की जब्ती कार्यवाही की थी। इस पूरे प्रकरण में कटघोरा एसडीएम की मध्यस्थता से आपसी समझौता हुआ,




फाइल फोटो

जिसके तहत सीईडब्ल्यूआरएल ने नुकसानी की भरपाई करते हुए पेनाल्टी की रकम नगर पालिका को अदा की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश गुप्ता ने कहा कि यह पहली बार है जब दीपका नगर पालिका ने किसी एजेंसी पर इतनी बड़ी पेनल्टी लगाकर वसूल की है। पाइप लाइन तोड़े जाने के चलते गर्मी के दिनों में क्षेत्रवासियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। इस मुद्दे को नगर पालिका के पार्षद एवं पीआईसी मेंबर अरुणीश तिवारी ने गंभीरता से लिया और जिलाधीश को लिखित शिकायत सौंपी। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत ने भी स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों और जिलाधीश से चर्चा कर समस्या के शीघ्र समाधान पर बल दिया। नगर पालिका की इस तत्परता और ठोस कार्रवाई से न सिर्फ प्रभावित क्षेत्रवासियों को राहत मिली, बल्कि भविष्य में भी किसी एजेंसी द्वारा बिना अनुमति कार्य करने पर कार्रवाई का स्पष्ट संदेश गया है। क्षेत्र में नगर पालिका की इस पहल की खूब सराहना हो रही है, और नागरिकों को उम्मीद है कि आगे भी इस तरह सार्वजनिक हितों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## ग्राम की सड़क जर्जर, नहीं पहुंच रही एम्बुलेंस

# बारिश के बीच मरीज को खाट पर पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पहुंच विहीन ग्रामो में आज भी सुविधाएं नहीं पहुंच पाई है। इन क्षेत्र के मरीजों को न तो समय पर एंबुलेंस मिल रही है और न ही उपचार की सुविधा। कई स्थानों पर परिजनों के फोन करने के बाद भी ग्राम तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है।

पाली विकासखंड के ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 37 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बारीउमराव के गांव जलहल में रहने वाली करसीला एक्का 37 वर्ष पति रामधन एक्का मौसमी बीमारी की चपेट में आ गई, करसीला की



खाट पर मरीज को ले जाते परिजन।

तबीयत लगातार बिगड़ती ही जा रही थे। इसे देखते हुए रामधन एक्का ने एंबुलेंस को कॉल किया। लेकिन एबुंलेंस नहीं पहुंची। इस बीच झमाझम बारिश हो रही थी। परिजन आनन-फानन में बरसते बादल के बीच मरीज को खाट के सहारे ग्राम लीमगांव ले आए। इस दौरान बारिश से मरीज को बचाने के लिए खाट को तिरपाल से ढंका और मरीज को छाता भी ओढ़ाया। मरीज को लेकर सड़क विहीन ग्राम से लीमगांव मुख्य मार्ग तक लगभग सात किलोमीटर पैदल चले। लीमगांव मुख्य मार्ग से निजी वाहन की मदद से पाली मुख्यालय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब करसीला एक्का की तबीयत सामान्य बताई जा रही है, लेकिन इस दौरान परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पाली विकासखंड के ग्राम जलजल से लीमगांव तक सड़क की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। गांव से मुख्य मार्ग की दूरी लगभग सात किलोमीटर है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा सडक़ निर्माण को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। इसकी वजह से काफी असुविधा हो रही है। इसकी शिकायत ब्लॉक मुख्यालय से लेकर जिला प्रशासन से कई बार की जा चुकी है।

Hero
अतिशीघ्र युवक/युवती की आवश्यकता है
सेल्स मैन 04
सर्विस मैकेनिक 02
सर्विस हेल्पर 02
कम्प्यूटर ऑपरेटर 02
स्पेयर पार्टस् मैनेजर 01
अनुभवी को प्रथम प्राथमिकता
नोट - सम्पूर्ण बॉयोडाटा साथ में लेकर आवें
अधिकृत सह विक्रेता एवं सर्विस सेंटर
के बी ऑटोमोबाईल्स
कबीर चौक, कुसमुण्डा, कोरबा
9926556561
8871940000
आप के संबंधित को सूचना देने में आप हमारा सहयोग करेंगे ऐसी आपसे अपेक्षा है अपने लोगों को शेयर भी कर सकते हैं

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर,
12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411